संदेश

‘शिक्षक दिवस’ के अवसर पर, मैं सभी शिक्षकों को बधाई और शुभ-कामनाएं देता हूं।

महान विद्वान, प्रखर राजनीति-विद् तथा श्रेष्ठतम शिक्षकों में गिने जाने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को ‘शिक्षक दिवस’ के रूप में मनाकर, हम उनके प्रति अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। उनके जीवन तथा उनके कार्यों से प्रेरणा प्राप्त करके शिक्षकगण पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे।

‘शिक्षक दिवस’, विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षकों के समर्पित है। शिक्षक-गण विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हैं, उनकी ज्ञान-पिपासा को शांत करते हैं और उनमें छिपी क्षमता व प्रतिभा को निखारते हैं।

विद्यार्थियों को एक सुयोग्य मार्गदर्शन देकर उन्हें राष्ट्र के उत्कृष्ट मानव-संसाधन के रूप में तैयार करके, एक सुदृढ़ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले समस्त शिक्षक समुदाय को मैं, इस पावन अवसर पर, अपनी शुभ-कामनाएं देता हूं।

******